दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र 2021-2022

अभ्यास कार्य पत्र (3)

तिथि: 1नवंबर, 2021

कक्षा- सातवीं विषय: हिंदी

अंक 20

उपविषय :पाठ12 कंचा, पाठ 13 एक तिनका, पाठ 14 खान पान की बदलती तस्वीर

व्याकरण:- कारक, विलोम शब्द(51-75), पर्यायवाची शब्द (28-41) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द(26-37)

बाल महाभारत कथा :- विराट पर्व

ई- अनुशिक्षक श्रृंखला के द्वारा पढ़ाए गए पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

- **प्रस्तुत पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए:- (अंक5)**

  लड़कों के बीच जॉर्ज ही सबसे अच्छा कंचे का खिलाड़ी है। कितना भी बड़ा लड़का उसके साथ खेलें, जॉर्ज से मात खाएगा। हारने पर यों ही विदा नहीं हो सकता। हारे हुए को अपनी बंद मुट्ठी जमीन पर रखनी होगी। तब जॉर्ज कंचा चलाकर बंद मुट्ठी के जोड़ों की हड्डी तोड़ेगा। जॉर्ज क्यों नहीं आया?

अरे हाँ ! जॉर्ज को बुखार है न ! उसे रामन ने यह सूचना थी। उसने मल्लिका को सब बताया था। जॉर्ज का घर रामन के घर के रास्ते में पड़ता है। अप्पू कक्षा की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। मास्टर जी! उसने हड़बड़ी में पुस्तक खोलकर सामने रख ली। रेलगाड़ी का सबक था। रेलगाड़ी..... रेलगाड़ी।

प्र1. जॉर्ज किस खेल का अच्छा खिलाड़ी था?

अ) कबड्डी

आ) क्रिकेट

इ) कंचे

ई) चौसर

प्र2. कौन कंचे के खेल में मात नहीं खाता था?

आ) अप्पू

आ) रामन

इ) मल्लिका

ई) जॉर्ज

प्र3. जॉर्ज को बुखार है यह सूचना____ ने दी थी?

अ) मल्लिका

आ) रामन

इ) मास्टर जी

ई) अप्पू

प्र4. अप्पू ने पुस्तक कैसे खोली?

अ) घबराकर

आ) डर कर

इ) हड़बड़ी में

ई) जल्दबाजी में

प्र5. मास्टर जी कौन- सा सबक पढ़ा रहे थे?

अ) एकता

आ) कंचे

इ) दिवाली

ई) रेलगाड़ी

- **प्रस्तुत पठित काव्यांश के आधार पर प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए:- (अंक5)**

मैं झिझक उठा, हुआ बेचैन- सा
लाल होकर आँख भी दुखने लगी
मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,
ऐंठ बेचारी दबे पाँव भागी।

प्र6. 'अयोध्या सिंह उपाध्याय' द्वारा रचित कविता है_

अ)कठपुतली

आ) शाम एक किसान

इ) एक तिनका

ई) मीराबाई

प्र7. 'मैं झिझक उठा' शब्दों का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

अ) कवि

आ) गाँव के लोग

इ) पेड़ पौधों

ई) तिनका

प्र8. कवि की आँख कैसी हो गई ?

अ लाल

आ) पीली

इ) काली

ई) नीली

प्र9. लोग कवि को क्या देने लगे?

अ) मिठाई की मूँठ

आ) दवाई की मूँठ

इ) कपड़े की मूँठ

ई) रेत की मूँठ

प्र10. दबे पाँव कौन भाग गई?

अ) ऐंठ

आ) लोग

इ) कवि

ई) समझ

- **पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए:- (अंक 6)**

  प्र11.'कंक' नाम से राजा विराट के यहाँ कौन रहता था?

अ) अर्जुन

आ) भीम

इ) सहदेव

ई) युधिष्ठिर

प्र12. 'सेवक' शब्द का पर्यायवाची है__

अ)अनुचर

आ) आगंतुक

इ) अंडज

ई) कोविंद

प्र13. 'महात्मा' शब्द का विलोम है-

अ) परमात्मा

आ) दुरात्मा

इ) प्रेतात्मा

ई) दुर्जन

प्र14. 'हाथ से लिखा हुआ' वाक्य के लिए एक शब्द है_

अ) निम्नलिखित

आ) उपर्युक्त

इ) हस्तलिखित

ई) लिखित

प्र15. करण कारक में___परसर्ग का प्रयोग साधन के अर्थ में होता है।

अ) को

आ) से

इ) के लिए

ई)अरे

प्र16. माँ ने सबको भोजन खिलाया' वाक्य में कारक का कौन -सा भेद है?

अ) संप्रदान कारक

आ) अपादान कारक

इ) करण कारक

ई) कर्म कारक

- **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 से 100 शब्दों में दीजिए:- (अंक4)**

प्र17 'फास्ट फूड' बीमारियों को न्यौता देते हैं, क्या आप इस बात से सहमत हैं? यदि हाँ तो अपने विचार प्रकट करें।

YouTube links:-

https://youtu.be/Gzo1uV2VEFc

https://youtu.be/994kQGs3LGo

सामान्य निर्देश-

> अभ्यास कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि : 8-11-21

> छात्र का नाम ,कक्षा, वर्ग एवं तिथि लिखना अनिवार्य है ।

> अभ्यास कार्य का निर्धारित तिथि तक जमा करना अनिवार्य है ताकि आपके विषय का आंतरिक मूल्यांकन समय पर किया जा सके ।

> अभ्यास कार्य अपनी विषय अध्यापिका के व्हाट्सएप नंबर पर भेजें।

- श्रीमती रीना शर्मा (VII-A,B,C,D,E >WhatsApp no. 9796850577)
- श्रीमती पूनम शर्मा (VII-F,G,H,I > WhatsApp no. 9906047899)
- डॉ० सीमा साहनी (VII-J,K,L > WhatsApp no. 9086591772)